कमियों को दूर करते हुए एक माह का समय प्रदान किया गया था। प्राधिकरण के इन आदेशों के अनुपालन में सहा0 प्रबंधक (ग्रामीण), उत्तराखण्ड परिवहन निगम को कार्यालय के पत्र सं0 1607/आरटीए/दस–278/परमिट स्वीकृति/11 दिनांक 07–01–2011 द्वारा उक्त क्रमांक 02, 03 व 04 पर उल्लिखित कमी को दूर करते हुए दिनांक 31–01–11 से पूर्व स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु कहा गया था।

इस पत्र के संदर्भ में मंडलीय प्रबन्धक (संचालन), उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने अपने पत्रांक 079/म0प्र0/देहरादून/संचालन/श्रछछन्त्ड/11 दिनांक 27–01–11 द्वारा सूचित किया है कि क्रमांक 03 व 04 में उल्लिखित कमियों को दूर कर दिया गया है। क्रमांक–02 में उल्लिखित कमी के बारे में सूचित किया है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम को जो जेएनएनयूआरएम बसें उपलब्ध करायी गयीं हैं, वह भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी हैं तथा भारत सरकार की उपरोक्त योजना के मानकों के अनुसार ही उक्त बसों की बॉडी तैयार करवाई गयी है, जिसमें उत्तराखण्ड परिवहन निगम के स्तर से पृथक से परिवर्तन करना संभव नहीं है। जेएनएनयूआरएम बसों में मानकों के अनुसार हॉल्डिंग रॉड तथा यात्रियों की सुविधा हेतु सर्पोटिंक बेल्ट/हुक लगाये गये हैं।

मंडलीय प्रबन्धक (संचालन), उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून ने उपरोक्त वर्णित पत्र द्वारा अनुरोध किया है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम की जेएनएनयूआरएम बसों के लिए स्वीकृत उपरोक्त 21 परमिट जारी करने की कृपा करे, ताकि यात्रियों की सुविधा हेतु बसों का संचालन प्रारम्भ किया जा सके।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–14– <u>मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा अपील सं0 14/07, 15/07, 16/07, 17/07, 18/07 तथा 19/07 में पारित आदेशों का अवलोकन तथा मा0 न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में अपीलकर्ताओं के प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।</u>

संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 15–05–06 में देहरादून केन्द्र से ऑटोरिक्शा परमिटों हेतु प्राप्त 274 प्रार्थनापत्रों को विचार व आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण ने 25 प्रार्थियों

को एक–एक ऑटोरिक्शा परमिट स्वीकृत किया था तथा ' ।" । पार्थनापत्रों को अस्वीकृत किया गया था। जिन प्रार्थियों के प्रार्थनापत्र अस्वीकृत किए गए थे उनमें से निम्न लिखित प्रार्थियों द्वारा मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड के समक्ष अपीलें दायर की गई थीं, जिनका विवरण निम्न प्रकार हैः–

क्र०सं०	**अपील संख्या**	**अपीलकर्ता का नाम**
1.	14 / 2007	श्री एस0 के0 श्रीवास्तव
2.	15 / 2007	श्री एस0 के0 श्रीवास्तव
3.	16 / 2007	श्री संतो" । कुमार
4.	17 / 2007	श्रीमती बीना श्रीवास्तव
5.	18 / 2007	श्री सचिन कुमार
6.	19 / 2007	श्री सचिन कुमार

मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश दिनांक 09–02–11 द्वारा उपरोक्त अपीलों का निस्तारण किया गया है। मा0 न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों का मुख्यांश निम्न प्रकार हैः–

"अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 15–05–2006 के मद व संकल्प संख्या 15(अ) में अपीलार्थी के सम्बन्ध में पारित आदेश अपास्त किया जाता है। संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून को यह अपील इस निर्देश के साथ प्रतिप्रे"ात की जाती है कि अपीलकर्ता को सुनवायी का एक युक्तियुक्त अवसर प्रदान करते हुए, प्रकरण पर पुनः परीक्षण व विचार कर विधिसम्मत, सकारण (चमांपदह वतकमत) आदेश पारित करें। संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून को यह भी निर्देशित किया जाता है कि यदि अपीलार्थी प्राधिकरण द्वारा तय मानकों को पूर्ण करता हैं तो अपीललार्थी को परमिट जारी किया जाय और यदि अपीलार्थी प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों की पूर्ति नहीं करते हैं तो अपीलार्थी के प्रार्थनापत्र को निरस्त किये जाने के युक्तियुक्त कारणों का स्प"ट उल्लेख अपने आदेश में अवश्यक करें। यह प्रकरण काफी पुराना है, अतः संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपीलकर्ता द्वारा इस आदेश की प्रति उनके समक्ष प्रस्तुत करने

के 45 दिनों के भीतर इस प्रकरण पर अंतिम निर्णय दें। प्राधिकरण का अभिलेख (यदि कोई हो तो) अबिलम्ब प्राधिकरण को वापस कर दिया जाय।"

इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि प्राधिकरण द्वारा पूर्व में उदार नीति से सभी प्रार्थियों को परमिट जारी नहीं किए जा रहे थे, परन्तु बैठक दिनांक 27–12–08 में ऑटोरिक्शा परमिटों हेतु प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्रों को इस ' ार्त के साथ स्वीकृत किया गया था कि स्वीकृत परमिट पेट्रोल चालित वाहनों के लिए ही जारी किये जाएंगे और भवि" य में देहरादून ' ाहर में एल0पी0जी0/सी0एन0जी0 फीलिंग स्टेशन स्थापित हो जाने पर इन वाहनों को एल0पी0जी0/सी0एन0जी0 में परिवर्तित किया जाएगा। इसके पश्चात् प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12–11–09 में यह निर्णय लिया गया था कि सभी आवेदकों को ऑटोरिक्शा परमिट निम्न लिखित ' ार्तों के साथ स्वीकृत किए जाएः–

1. आवेदक देहरादून का निवासी हो, इस हेतु मतदाता परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदक बेरोजगार हो।
3. आवेदक के पास पूर्व में निर्गत कोई परमिट न हो।
4. आवेदक के पास में हल्का वाणिज्यिक मोटर वाहन चलाने का चालक लाईसेंस हो।
5. परमिट एल0पी0जी0 चालित नई ऑटो रिक्शा वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
6. परमिट को परमिट धारक न्यूनतम 03 व" ाों तक किसी को हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा।

वर्तमान में देहरादून केन्द्र से 2326 ऑटोरिक्शा परमिट वैध हैं तथा उन पर वाहनों का संचालन हो रहा है। अतः प्राधिकरण मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में अपीलकर्ताओं के प्रार्थनापत्रों पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0ः–15– देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग के परमिटों को नगर बस परमिटों में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।

देहरादून–रायपुर मार्ग को नगर बस सेवा मार्ग के रूप में परिवर्तित करने के संबंध में प्रधान/सचिव, देहरादून–रायपुर बस ऑपरेटर यूनियन के प्रत्यावेदन दिनांक 05–06–10 को प्राधिकरण की बैठक दिनांक 26–06–10 में मद सं0–07(अ) के अन्तर्गत विचार व आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निम्न आदेश पारित किए थेः–

"इस मद के अन्तर्गत देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग के परमिटों को नगर बस परमिटों मं परिवर्तित करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। प्रधान/सचिव, रायपुर बस आपरेटर यूनियन देहरादून ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 05.06.10 द्वारा सूचित किया है कि "वर्तमान में इनके मार्ग पर 14 स्थाई सवारी परमिट वैध हैं। देहरादून से रायपुर तक उनके मार्ग को 40 सिटी बसों द्वारा ओवरलेप किया जाता है, जिसमें से कुछ बसें प्रेमनगर–रायपुर मार्ग की हैं तथा कुछ बसें बंजारावाला–गुलरधाटी मार्ग की हैं। उन्होंने अपने प्रतिवेदन में यह भी कहा है कि एक ही मार्ग पर दो तरह की बसों का संचालन होने से आपसी प्रतिस्पर्धा होती है, जिससे दुर्धटना होने की सम्भावना होती है। उन्होंने निवेदन किया है कि मद में वर्णित तथ्यों के आधार पर उनके मार्ग के परमिटों को नगर बस सेवा परमिटों में परिवर्तित कर दिया जाय।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि संयुक्त सर्वेक्षण समिति के माध्यम से उक्त मार्ग का सर्वे कराकर यह आख्या प्राप्त की जाय कि वर्तमान में उक्त मार्ग पर नगर बस वाहन मानकों के अनुरुप कितनी बसों की आवश्यकता होगी ? यह भी निर्णय लिया गया कि निर्धारित रिक्तियों पर मार्ग के वर्तमान परमिट धारकों को प्राथमिकता दी जायेगी। उपरोक्त मार्ग का सर्वेक्षण संयुक्त सर्वेक्षण समिति से कराया जाय तथा आख्या प्राप्त की जाय कि मार्ग पर कितने व्हीलबेस की वाहनें संचालित हो सकती हैं तथा मार्ग पर कितने परमिट जारी किये जा सकते हैं।"

प्राधिकरण के उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में मार्ग का सर्वेक्षण संयुक्त सर्वेक्षण समिति से कराया गया है। संयुक्त सर्वेक्षण समिति द्वारा प्रेर्ि" ात आख्या निम्न प्रकार हैः–

"वर्तमान में देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग (पूर्व में मार्ग का विस्तार रायपुर से तुनवाला–मियांवाला–बालावाला –शमशेरगढ़ तक एवं मालदेवता से पी0पी0सी0एल0 तक किया गया है) में बड़ी बसें संचालित हैं, जिनके परमिटों को नगर बस परमिटों में परिवर्तित किये जाने हेतु मार्ग का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। यात्रियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि मार्ग पर बसें तो संचालित हैं पर उनकी सेवा निरन्तर एवं निश्चित नहीं है। जबकि इस मार्ग पर वर्तमान में 14 परमिटों पर बसें संचालित हैं। मालदेवता से पी0पी0सी0एल0 तक का मार्ग संकरा है व 166 व्हील बेस के वाहनों के लिए उपयुक्त है। अतः इस रूट के परमिटों को नगर बस परमिट में परिवर्तित किया जाना उचित होगा। इस तरह इस मार्ग पर 14 नगर बसें संचालित होंगी जो कि जनसंख्या क सापेक्ष पर्याप्त हैं एवं इस मार्ग पर अतिरिक्त परमिट की आवश्यकता नहीं है।"

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–16– <u>प्रेमनगर–गुलरघाटी नगर बस सेवा मार्ग का विस्तार 'ामशेरगढ़ तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।</u>

प्रेमनगर–गुलरघाटी मार्ग के परमिटों का विस्तार ' ामशेरगढ़ तक करने के सम्बन्ध में कार्यालय के पत्र सं0 1956/आरटीए/दस–273/2011 दिनांक 09–02–11 द्वारा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को कहा गया था कि मियांवाला–शमशेरगढ़ मार्ग पर सिटी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। इस मार्ग पर सिटी बस सेवा चलाने के सम्बन्ध में स्थानीय जनता द्वारा मांग की गई है। अतः आप संयुक्त सर्वेक्षण कर समिति की आख्या उपलब्ध करायें। उन्होंने संयुक्त सर्वेक्षण समिति की आख्या दिनांक 17–02–11 प्रेषित की है जो निम्न प्रकार हैः–

"प्रेमनगर –गुलरघाटी मार्ग के परमिटों का विस्तार ' ामशेरगढ़ तक किये जाने हेतु उक्त मार्ग का संयुक्त सर्वेक्षण करने पर यह पाया गया कि वर्तमान में देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग की बसें ' ामशेरगढ़ तक संचालित हैं। मियांवाला–शमशेरगढ़ मार्ग जिसकी लम्बाई 2.5 किमी0 है, पर सिटी बस सेवा उपलब्ध नहीं है। अतः उक्त मार्ग पर प्रेमनगर–गुलरघाटी मार्ग की बसें जो मियांवाला चौक से गुलरघाटी जाती हैं का विस्तार ' ामशेरगढ़ तक किये जाने की संस्तुति की जाती है।"

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

<u>मद सं0:—17—</u> **<u>डिफेंस कालोनी के निवासियों को सैनिक अस्पताल तक सीधी नगर बस सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।</u>**

डिफेंस कालोनी क्षेत्र के निवासियों द्वारा यह मांग की जा रही है कि उन्हें सैनिक अस्पताल—गढ़ीकैण्ट तक सीधी बस सेवा उपलब्ध करायी जाए। इस सम्बन्ध मे सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को कार्यालय के पत्र संख्या 1998/आरटीए/दस—152/2010 दिनांक 09—02—11 द्वारा मार्ग का सर्वेक्षण कर संयुक्त सर्वेक्षण समिति की आख्या उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून ने संयुक्त सर्वेक्षण समिति की आख्या प्रेf" ात की है जो निम्न प्रकार हैः—

"डिफेंस कालोनी से सैनिक अस्पताल तक सीधी नगर बस सेवा संचालित किये जाने हेतु मा0 कृf" ा मंत्री महोदय द्वारा भी आदेश दिये गये है। इस मार्ग हेतु अनारवाला—सप्लाई—सैनिक अस्पताल—कैण्ट—बल्लुपुर चौक—आई0एस0बी0टी0—रिस्पना पुल की बस सेवा उपयुक्त है। उक्त मार्ग की लम्बाई वर्तमान में 22.9 किमी0 है। उक्त मार्ग का विस्तार रिस्पना पुल से डिफेंस कालोनी (लगभग 1.7 किमी0) तक किया जाना उचित होगा। जिससे डिफेंस कालोनी के लोगों को सैनिक अस्पताल के साथ—साथ आई0एस0बी0टी0 की भी सीधी बस सेवा मिल जाएगी तथा इस मार्ग पर किसी भी प्रकार की आवेरलैंपिग भी नहीं होगी।"

अतः प्राधिकरण मामले में विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

<u>मद सं0:—18—</u> **<u>देहरादून (परेडग्राउण्ड) से सप्लाई डिपो होते हुए गल्जवाड़ी—बंकर तक बस सेवा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।</u>**

श्रीमती लीला ' ार्मा, ग्राम प्रधान, गल्जवाड़ी एवं अन्य क्षेत्रवासियों द्वारा दिनांक 29—12—10 को एक प्रतिवेदन दिया गया था। इस प्रतिवेदन में यह निवेदन किया गया था कि देहरादून से किवाड़ी गांव तक

लोकल बस सेवा संचालित की जाए, जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायत, गजिवाला, गंगोल, पंडितवाड़ी, बि" ट गांव, सिंगली, किवाड़ी, रिखौली, भितरली गांव हैं। इन गांवों के लिए यातायात हेतु लोकल बस सेवा नहीं है। इस संदर्भ में कार्यालय के पत्र संख्या 1526/आरटीए/मार्ग सर्वेक्षण/दस–152/2010 दिनांक 30–12–10 द्वारा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया था। उन्होंने अपने पत्र संख्या मेमो/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2011 दिनांक 22–02–11 द्वारा मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या प्रस्तुत की है जो निम्न प्रकार हैः–

"देहरादून से किवाड़ी गांव तक के मार्ग का सर्वेक्षण किया गया। सप्लाई बस स्टैण्ड तक देहरादून(परेडग्राउण्ड)–कैण्ट मार्ग की बसें संचालित हैं। सप्लाई से गल्जवाड़ी बंकर तक का मार्ग 166 व्हील बेस के बसों के संचालन हेतु उपयुक्त है। इस मार्ग पर बसें खड़ी करने एवं मोड़ने हेतु स्थान भी पर्याप्त है। गल्जवाड़ी बंकर से आगे किबाड़ी गांव तक का मार्ग कच्चा व संकरा है एवं बसों के संचालन हेतु उपयुक्त नहीं है। अतः देहरादून(परेडग्राउण्ड)–कैण्ट रूट के परमिटों पर सप्लाई की दूरी लगभग 05 किमी0 है जो सप्लाई से गल्जवाड़ी बंकर (लगभग 03 किमी0) तक विस्तारित करने पर कुल दूरी लगभग 08 किमी0 हो जाएगी। इस मार्ग पर कुल 05 बसों की आवश्यकता होगी। मार्ग विस्तार से इन्द्रनगर, गल्जवाड़ी, गजियावाला व निकटवर्ती गांवों के लोग भी लाभान्वित होंगे।"

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–19– प्रेमनगर–रायपुर मार्ग का विस्तार प्रेमनगर से सुद्धोवाला तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।

जिला शिक्षा अधिकारी, देहरादून ने अपने पत्र संख्या–विविध/23 562–65/2010–11 दिनांक 06–01–2011 द्वारा निदेशक यू0आई0बी0एस0 कॉलेज एवं लॉ कॉलेज, देहरादून के पत्र दिनांक 22–11–10 की छायाप्रति इस कार्यालय को भेजते हुए सूचित किया था कि उक्त दोंनों विद्यालय आर्केडिया ग्राण्ट एवं नन्दा की चौकी पर संचालित हैं। जिनमें अधिकतर छात्र–छात्राएं देहरादून नगर क्षेत्र से आते–जाते हैं। उन्होंने यह अनुरोध किया है कि संस्थाओं में अध्ययन कर छात्र–छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए नगर

वाहनों को सुद्धोवाला तक चलाया जाए। उक्त पत्र के साथ संलग्न पत्रों में भी यह निवेदन किया गया है कि प्रेमनगर तक चलने वाली नगर बस सेवा का विस्तार सुद्धोवाला तक जनहित में किया जाए।

कार्यालय के पत्र सं0 1778/आरटीए/दस–273/प्रे0नगर–रायपुर/2011 दिनांक 21–01–11 द्वारा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को उपरोक्त सम्बन्ध में मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या उपलब्ध कराने को कहा गया था। उन्होंने अपने पत्र सं0 मेमो/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2010 दिनांक 22–02–11 द्वारा मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् अपनी आख्या प्रेषित की है जो निम्न प्रकार है:–

"नगर वाहनों को सुद्धोवाला तक चलाये जाने हेतु मार्ग का सर्वेक्षण करने पर यह पाया गया कि उक्त मार्ग पर अनेक 'शैक्षणिक संस्थान स्थापित हैं। जिसमें अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को देहरादून से प्रेमनगर–तक विक्रम एवं नगर बस सेवा उपलब्ध है, लेकिन उससे आगे परिवहन की समुचित व्यवस्था न होने के कारण छात्र/छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रेमनगर–रायपुर व प्रेमनगर–गुलरघाटी रूट की बसों का विस्तार प्रेमनगर से सुद्धोवाला चौक जिसकी दूरी लगभग 03 किमी0 है, तक किया जाना उचित होगा।"

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून ने प्रेमनगर–रायपुर तथा प्रेमनगर–गुलरघाटी मार्ग की बसों का मार्ग विस्तार प्रेमनगर से सुद्धोवाला तक करने की संस्तुति की है। इस सम्बन्ध में अवगत करना है कि प्रेमनगर–गुलरघाटी मार्ग का विस्तार पूर्व में प्राधिकरण की बैठक दिनांक 08–07–99 में प्रेमनगर से भाऊवाला वाया सुद्धोवाला–माण्डूवाला तक किया गया है। अतः प्रेमनगर–रायपुर मार्ग का विस्तार सुद्धोवाला तक करने के सम्बन्ध में विचार किया जाना है।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–20– परेडग्राउण्ड–प्रेमनगर–परबल मार्ग का विस्तार परबल से शिमलाबाइपास बड़ोवाला–गोरखपुर–ईस्टेट होते हुए प्रेमनगर तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।

प्राधिकरण के अन्तर्गत एक नगर बस सेवा मार्ग परेडग्राउण्ड–प्रेमनगर–परबल है। इस मार्ग की लम्बाई 23 किमी है। वर्तमान में इस मार्ग पर 19 स्थाई नगर बस सेवा परमिट जारी किए गए हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा बड़ोवाला से गोरखपुर होते हुए प्रेमनगर तक बस सेवा चलाये जाने की मांग की गई थी। इस सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया था। परिवहन कर अधिकारी–1, देहरादून ने अपने पत्र सं0–2466/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2011 दिनांक 01–03–11 द्वारा मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् निम्न आख्या प्रेषित की है।

1. परबल से शिमलाबाई पास होते हुए बड़ोवाला चौक–गोरखपुर होते हुए प्रेमनगर तक उक्त मार्ग की लम्बाई 15.3 किमी है।
2. वर्तमान में गोरखपुर होते हुए प्रेमनगर के लिए कोई बस सेवा संचालित नहीं है। उक्त मार्ग पर यदाकदा विक्रम वाहनें संचालित होती हैं जो पर्याप्त नहीं हैं।
3. इस मार्ग पर गोरखपुर, भुड्डी, बड़ोवाला आदि गांव पड़ते हैं।
4. स्थानीय लोगों को यातायात की सुविधा दिये जाने हेतु प्रेमनगर–परबल मार्ग का विस्तार परबल से शिमला बाईपास होते हुए बड़ोवाला, गोरखपुर, टी–ईस्टेट होते हुए प्रेमनगर तक कर दिया जाए। जनता को पर्याप्त परिवहन सुविधा दिये जाने हेतु इस मार्ग की बसों का संचालन परबल से होते हुए शिमलाबाई पास–बड़ोवाला चौक–गोरखपुर, टी–ईस्टेट होते हुए प्रेमनगर तथा प्रेमनगर से टी–ईस्टेट गोरखपुर, बड़ोवाला, शिमलाबाई, परबल होते हुए प्रेमनगर दोनों ओर से 50–50 प्रतिशत सेवाएं रोटेशन से संचालित किया जाना उपयुक्त होगा।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–21– मियांवाला चौक–गुजरोवाली चौक–तुनवाला–नाजीवाला–किदड़ूवाला–नत्थनपुर–नेहरुग्राम–राजीवनगर–बलबीर रोड–ई0सी रोड होते हुऐ सर्वेचौक–परेडग्राउन्ड मार्ग को छोटी जीप प्रकार की वाहनों को स्टैज कैरेज के रुप में संचालन हेतु वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 26.06.10 के संकल्प सं0–10 द्वारा उपरोक्त मार्ग को छोटी जीप प्रकार की वाहनों को ठेका गाडी के रुप में संचालित करने हेतु ए क्लास में वर्गीकृत किया गया था तथा इस मार्ग पर छोटी जीप प्रकार की 10 वाहनों को ठेका गाडी परमिट जारी करने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया था। प्राधिकरण द्वारा उक्त बैठक में निम्न आदेश पारित किये थे–

मद सं0–10 के अन्तर्गत गढवाली कालोनी–निर्वाचन आयोग–आर्यसमाज चौक–अम्बीवाला गुरुद्वारा–बद्रीश कालोनी–अपर राजीव नगर क्षेत्र को नगर बस सेवा से जोडने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। श्री दौलतराम सेमवाल सदस्य राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परि" ाद उत्तराखण्ड ने श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, मा0 मंत्री उत्तराखण्ड सरकार को सम्बोधित अपने पत्र दिनांक 24.11.09 द्वारा सूचित किया है कि परेड ग्राउन्ड से रिस्पनापुल–जोगीवाला के लिये प्रत्येक 10 मिनट में बस सेवा उपलब्ध है। नई प्रस्तावित बस सेवा को परेड ग्राउण्ड से अपर नेहरुकालोनी(तेगबहादुर रोड)–अपर राजीव नगर–बद्रीश कालोनी–अम्बीवाला गुरुद्वारा–छह नम्बर पुलिया–अपर नत्थनपुर–किददूवाला–रायपुर रुट पर चलाया जाय ताकि क्षेत्र के निवासियों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

इस सम्बन्ध में सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी देहरादून को मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात अपनी आख्या उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था, उन्होंने अपने पत्र दिनांक 09.04.10 द्वारा मार्ग का सवक्षण करने के पश्चात अपनी आख्या प्रे" ात की है। उन्होंने मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात सुझाव दिया है कि मियांवाला से बालावाला होते हुऐ गुजरोवाली चौक–तुनवाला–नाजीवाला–किददूवाला–नत्थनपुर–नेहरुग्राम–राजीव नगर–बलबीर रोड–ईसी रोड होते हुऐ सर्वेचौक–परेड ग्राउण्ड तक छोटी जीप प्रकार के वाहनों के संचालन हेतु मार्ग उपयुक्त है। इस मार्ग की लम्बाई 15.5 किमी है। उन्होंने सर्वेक्षण आख्या में यह कहा है कि इस मार्ग पर सेवा प्रारम्भ करने से मियांवाला–तुनवाला–बालावाला–नथुवावाला–गुजरोवाली–केशव बिहार–नाजीवाला–किददूवाला–नेहरुग्राम–नत्थनपुर–गढवाली कालोनी निर्वाचन आयोग–राजीव नगर–डांडा–बद्रीश कालोनी–बलबीर मार्ग–ईसी रोड क्षेत्र की जनता को लाभ होगा। उन्होंने इस मार्ग पर जीप प्रकार की छोटी वाहनों के 10 परमिट जारी करने की संस्तुति की है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि छोटी जीप प्रकार की वाहनों को ठेका गाडी के रुप में संचालित करने हेतु मियांवाला से बालावाला होते हुऐ गुजरोवाली–तुनवाला– नाजीवाला– किददूवाला– नत्थनपुर– नेहरुग्राम–राजीव नगर'–बलबीर रोड–ईसी रोड होते हुऐ सर्वेचौक–परेड ग्राउन्ड मार्ग निर्धारित किया जाता है। मार्ग ए क्लास में वर्गीकृत किया जाता है तथा इस मार्ग पर छोटी जीप प्रकार की वाहनों को 10 ठेका गाडी परमिट जारी करने हेतु प्रार्थनापत्र आमंत्रित किये जायें तथा प्रार्थनापत्रों को आगामी बैठक में प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

उपरोक्त क्षेत्र की जनता द्वारा वर्तमान में यह मांग की जा रही है कि मार्ग पर छोटी जीप प्रकार की वाहनों को ठेका गाडी के बजाय स्टैज कैरेज के रुप में संचालित किया जाय, ताकि मार्ग पर संचालित वाहनें एक स्थान से दूसरे स्थान के लिये फुटकर सवारियां ढो सकें तथा क्षेत्र की जनता को यातायात की सुविधा मिल सके।

यद्यपि मार्ग का सर्वेक्षण मियांवाला चौक से किया गया है, लेकिन यह उपयुक्त रहेगा कि इस मार्ग को हर्रावाला रेलवे–स्टेशन से मियांवाला चौक होते हुए गुजरोवाली चौक–तुनवाला–नाजीवाला–किद्दूवाला–नत्थनपुर–नेहरुग्राम– राजीवनगर–बलबीर रोड–ई0सी रोड होत हुऐ सर्वेचौक–परेडग्राउन्ड मार्ग निर्मित किया जाए।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मार्ग को स्टैज कैरेज मार्ग के रुप में वर्गीकृत करने हेतु विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–22– <u>सैन्य कालोनी–नीलकंठ बिहार–कालीदास चौक (पथरिया पीर)–आईएसबीटी–दून विश्वविधालय वाया दिलाराम–प्रिन्स चौक–सहारनपुर चौक–बाईपास रोड मार्ग को छोटी जीप प्रकार की वाहनों को स्टैज कैरेज के रुप में संचालन हेतु वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में।</u>

प्राधिकरण की बैठक दिनांक 12.11.09 के संकल्प सं0–17 तथा बैठक दिनांक 26.06.10 के संकल्प सं0–12 द्वारा अन्य मार्गो के साथ–साथ सैन्य कालोनी–नीलकंठ बिहार–कालीदास चौक(पथरिया

पीर)–आईएसबीटी–दून विश्वविधालय वाया दिलाराम–प्रिन्स चौक–सहारनपुर चौक–बाईपास रोड मार्ग, जिसकी लम्बाई 16 किमी है, को 7/8 सीट तक की हल्की वाहनों को ठेका गाडी के रुप में संचालित करने हेतु वर्गीकृत किया गया था तथा इस मार्ग के लिये 20 परमिटों की संख्या निर्धारित की गई थी, परन्तु क्षेत्र की जनता द्वारा वर्तमान में यह मांग की जा रही है कि मार्ग पर छोटी जीप प्रकार की वाहनों को ठेका गाडी के बजाय स्टैज कैरेज के रुप में संचालित किया जाय, ताकि मार्ग पर संचालित वाहनें एक स्थान से दूसरे स्थान के लिये फुटकर सवारियां ढो सकें तथा क्षेत्र की जनता को यातायात की सुविधा मिल सके।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मार्ग को स्टैज कैरेज मार्ग के रुप में वर्गीकृत करने हेतु विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–23– आईएसबीटी से शिमला बाईपास होते हुऐ सेवलाकला–शान्ति बिहार–गौतमकुण्ड–चन्द्रबनी–आईएसबीटी तथा आईएसबीटी से मेहुवाला–हरभजवाला–तुन्तोवाला–चौयला–चन्द्रबनी होते हुऐ आईएसबीटी तक जीप प्रकार की छोटी वाहनों को स्टैज कैरेज वाहनों के रुप में संचालित करने हेतु मार्ग वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश–

परिचालन पद्वति से पारित प्राधिकरण के आदेश दिनांक 01.01.11 द्वारा निम्नलिखित दो मार्गो को जीप प्रकार की छोटी वाहनो को ठेका गाडी के रुप में संचालित करने हेतु वर्गीकृत किया गया था।

1- आईएसबीटी से शिमला बाईपास होते हुऐ सेवलाकला–शान्ति बिहार–गौतमकुण्ड–चन्द्रबनी–आईएसबीटी–6.1 किमी।

2- आईएसबीटी से मेहुवाला–हरभजवाला–तुन्तोवाला–चौयला–चन्द्रबनी होते हुऐ आईएसबीटी तक–10.7 किमी

वर्तमान में क्षेत्र की जनता द्वारा वर्तमान में यह मांग की जा रही है कि मार्ग पर छोटी जीप प्रकार की वाहनों को ठेका गाडी के बजाय स्टैज कैरेज के रुप में संचालित किया जाय, ताकि मार्ग पर संचालित वाहनें एक स्थान से दूसरे स्थान के लिये फुटकर सवारियां ढो सकें तथा क्षेत्र की जनता को यातायात की सुविधा मिल सके।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मार्ग को स्टैज कैरेज मार्ग के रुप में वर्गीकृत करने हेतु विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:—24— ऋ"ाकेश केन्द्र से पेट्रोल चालित ऑटोरिक्शा वाहनों के परमिट पर डीजल चालित वाहन प्रतिस्थापित करने की आज्ञा देने के सम्बन्ध में श्री मदन मोहन 'ार्मा अध्यक्ष, उत्तराखण्ड ऑटोरिक्शा ओनर्स एसोसिएशन ऋ"ाकेश के पत्र दिनांक 25.11.10 पर विचार व आदेश।

श्री मदन मोहन ' ार्मा उत्तराखण्ड ऑटोरिक्शा ओनर्स एसोसिएशन, ऋ" ाकेश के पत्र दिनांक 25.11.10 द्वारा सूचित किया है कि व" ा 2008 में प्राधिकरण द्वारा ऋ" ाकेश कन्द्र से पैटोल चालित ऑटोरिक्शा वाहनों के परमिट स्वीकृत किए गए थे। कुछ व्यक्तिया द्वारा पेट्रोल चालित ऑटोरिक्शा वाहन खरीद लिए गए थे तथा कार्यालय द्वारा इन वाहनों को परमिट भी जारी कर दिए गए थे, परन्तु इसके पश्चात् पुनः ऋशिके" ा केन्द्र से डीजल चालित ऑटोरिक्शा वाहना के परमिट जारी किए गए हैं। ऋशिकेश में पैट्रोल चालित वाहन अधिक नहीं होने के कारण इन वाहनों के रख—रखाव हेतु स्थानीय स्तर पर मैकेनिकों की कमी महसूस की जा रही है। जिस कारण से वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने निवेदन किया है कि ऋ" ाकेश केन्द्र से जारी पेट्रोल चालित ऑटोरिक्शा परमिटों पर डीजल चालित वाहनें लगाने की आज्ञा प्रदान की जाए। उन्होंने अपने पत्र दिनांक 07.12.2010 द्वारा यह भी सूचित किया है कि पेट्रोल वाहन के स्थान पर नई डीजल वाहन लगाई जाएगी तथा पेट्रोल चालित वाहना को कबाड़ी या किसी अन्य राज्य में बेच दिया जाएगा। पेट्रोल चालित ऑटोरिक्शा वाहन दोबारा परिमट हेतु आवेदन नहीं किया जाएगा।

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–25– <u>दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के परमिटों के निरस्तीकरण के सम्बन्ध में मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अन्तर्गत विचार व आदेश।</u>

1–सहा0 परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड ने अपने पत्र सं0 4044/टीआर/सात–3/107/बारह–23/2010–11 दिनांक 16–12–10 द्वारा सूचित किया है कि दिनांक 10–11–10 को दुगड्डा–लैंसडाउन मोटर मार्ग पर स्थान तुसरानी बैण्ड के समीप वाहन सं–यूपी07के–9578 दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। यह वाहन टैक्सी कैब के रूप में पंजीकृत है, जिसकी अधिकतम सीटिंग क्षमता 06 है। इस दुर्घटना में 02 व्यक्तियों की मृत्यु एवं 06 व्यक्तियों के घायल होने का उल्लेख जांच आख्या में किया गया हैं। क्षमता से अधिक सवारियों का वहन करने के लिए वाहन चालक के साथ–साथ वाहन स्वामी भी दो" ाी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि परमिट के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

उपरोक्त के सम्बन्ध में परमिट धारक श्री अनूप सिंह चौहान पुत्र श्री मेहरबान सिंह टी0एच0डी0सी0 कालोनी, देहराखास, देहरादून को कार्यालय के पत्र सं0 1502/आरटीए/पीसीओपी–3111/10 दिनांक 28–12–10 द्वारा नोटिस भेजा गया था कि मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अन्तर्गत नोटिस भेजा गया था कि क्यों न आपकी वाहन सं0 यूपी07के–9578 के परमिट सं0 पीसीओपी–3111 को निरस्त कर दिया जाए। इस सम्बन्ध में परमिट धारक को 15 दिन के अन्दर अपना स्प" टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया है।

2–श्रीमती राजकुमारी देवी पत्नी श्री बलवीर सिंह पौखरियाल, छिद्दरवाला, ऋ" ाकेश, जिला देहरादून के नाम पर मार्ग सूची सं0–एक का स्थाई सवारी गाड़ी परमिट सं0–2806 है। इस परमिट पर वाहन सं0–यूपी08–3944 संचालित है। यह वाहन दिनांक 05–01–11 को देहरादून–मसूरी मार्ग पर कुठाल गेट के समीप दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। दुर्घटना के फलस्वरूप 22 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी थी तथा कुछ यात्री घायल हो गये थे। जांच करने पर यह पाया गया कि उपरोक्त वाहन का परमिट हरिद्वार–देहरादून–मसूरी मार्ग के लिए वैध नहीं था, परन्तु परमिट धारक द्वारा बस का संचालन इस मार्ग पर अनाधिकृत रूप से किया जा रहा था।

परमिट धारक को कार्यालय के पत्र सं0–1881/आरटीए/पीएसटीप–2806/2011 दिनांक 01–02–11 द्वारा नोटिस भेजा गया था कि क्यों न मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अन्तर्गत आपके परमिट संख्या पीएसटीपी–2806 को निरस्त कर दिया जाए। इस सम्बन्ध में दिनांक 15–02–11 तक अपना स्प" टीकरण प्रस्तुत करने हेतु कहा गया था। जिसके प्रतिउत्तर में प्रार्थिनी ने निवेदन किया है कि *बस का संचालन प्रार्थिनी गृहणी होने के कारण बस का संचालन स्वयं नहीं करती है बल्कि उनके पति श्री बलवीर सिंह पोखरियाल करते हैं। प्रार्थिनी को यह पता नहीं कि मार्ग सूची संख्या–01 में मसूरी मार्ग ' ाामिल नहीं है। क्योंकि मार्ग सूची संख्या–01 में कौन–कौन से रूट ' ाामिल हैं यह परमिट में स्प" ट नहीं है केवल प्रार्थिनी को इतना बताया गया था कि ऋ" ाकेश केन्द्र से बस हरिद्वार तक वह ऋ" ाकेश से गढ़वाल के पहाड़ों पर जा सकती है इसलिए प्रार्थिनी की बस सात अन्य बसों के साथ जो कि ऋ" ाकेश केन्द्र की थी मसूरी गयी थी जो कि दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी होने से दुर्घटना ग्रस्त हो गयी प्रार्थिनी को मृतक व घायलों का अत्यधिक सदमा है इसके अलावा प्रार्थिनी वाहन सम्पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है जो कि अी भी दुघर्टना स्थल पर पड़ा हुआ है इस प्रकार प्रार्थिनी को पूर्ण बस की आर्थिक छति भी हुई है प्रार्थिनी एक महिला है उसे ज्ञान न होने के कारण प्रार्थिनी को एक बार गलती माफ करने की कृपा करें।*

मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 86 में परमिटों के विरुद्ध धारा 86 की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निम्न प्राविधान किया गया है:–

(1) जिस परिवहन प्राधिकण ने परमिट दिया है वह निम्नलिखित दशाओं में परमिट रद्द कर सकेगा या इतनी अवधि के लिए निलम्बित कर सकेगा, जितना वह ठीक समझे।

(ख) यदि परमिट का धारक किसी यान का उपयोग किसी ऐसी रीति से करता है या कराता है या करने देता है, जो परमिट द्वारा प्राधिकृत नहीं है।

परन्तु कोई भी परमिट तब तक निलम्बित या रद्द नहीं किया जायेगा जब तक परमिट के धारक को अपना स्प"टीकरण देने का अवसर न दे दिया गया हो।

(3) जहां परिवहन प्राधिकरण किसी परमिट को रद्द या निलम्बित करता है वहां वह की गई कार्यवाही के बारे में अपने कारण उसके धारक को लिखित रूप से देगा।

(5) जहां कोई परमिट उपधारा (1) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) या खण्ड (ड़) के अधीन रद्द या निलम्बित किए जाने योग्य है और परिवहन प्राधिकरण की यह राय है कि मामले को परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परमिट को इस प्रकार रद्द या निलम्बित करना उस दशा में आवश्यक या समीचीन न होगा जब परमिट का धारक एक निश्चित धनराशि देने के लिए सहमत हो जाता है वहां उपधारा (1) में किसी बात के होते हुए भी परिवहन प्राधिकरण, यथास्थिति, परमिट को रद्द या निलम्बित करने के बजाय परमिट के धारक से वह धनराशि वसूल कर सकेगा जिसके बारे में सहमति हुई है।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामलों पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

मद सं0:–26– <u>सार्वजनिक सेवा यानों में यात्रा करने के लिए टिकटों की बिक्री के लिए अभिकर्ताओं (ट्रेवल एजेंट) को पंजीकृत करने/अनुज्ञाप्ति दिये जाने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।</u>

मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 93 में यह प्राविधान है कि अभिकर्ता या प्रचारक द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए कोई व्यक्ति–

1. सार्वजनिक सेवा यानों द्वारा यात्री के लिए टिकटों के विक्रय में या प्रचारक के रूप में अथवा ऐसे यानों के लिए ग्राहकों की अन्य रूप में याचना करने में अपने को तभी लगाएगा जब उसने ऐसे प्राधिकरण से अनुज्ञाप्ति प्राप्त कर ली है। ऐसी ' ार्तों पर ही लगाएगा जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए, अन्यथा नहीं।

उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावाली, 1998 (उत्तराखण्ड में भी प्रभावी), के नियम 124 के अन्तर्गत सार्वजनिक सेवा यानों द्वारा यात्रा करने के लिए टिकटों की बिक्री करने लिए अभिकर्ताओं को अनुज्ञप्ति लेने का प्राविधान है। नियम 124 में यह प्राविधान है कि किराये पर दिये जाने वाले या भाड़े के लिए प्रचालित किए जाने वाले सार्वजनिक सेवा यानों का प्रत्येक स्वामी उनकी ओर से ऐसे अभिकर्ता के, जो ऐसे यान द्वारा

यात्रा करने के लिए यात्रियों को टिकट का विक्रय करने में लगे हुए हैं, नाम और पते संबंधित संभागीय परिवहन प्राधिकरण को संसूचित करेगा।

कोई व्यक्ति ऐसे सार्वजनिक सेवा यान के स्वामी के अभिकर्ता के रूप में कार्य नहीं करेगा और कोई स्वामी किसी व्यक्ति को, जब तक कि वह संबंधित संभागीय परिवहन प्राधिकरण से प्रपत्र एस0आर0 41 में अभिकर्ता का लाईसेंस प्राप्त न कर ले, इस प्रकार नियोजित नहीं करेगा। किसी अभिकर्ता की अनुज्ञप्ति जारी होने या नवीनीकरण के दिनांक से 03 व" र्ा की अवधि के लिए विधिमान्य होगी और केवल उसी सम्भाग में प्रभावी होगी, जिसमें वह जारी या नवीकृत की गई हो। 18 व" र्ा की आयु से कम का कोई व्यक्ति अभिकर्ता अनुज्ञप्ति का धारक नहीं हेगा। अभिकर्ता अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन पत्र लिखित रूप से प्रपत्र एस0 आर0 42 में उस सम्भाग के संभागीय परिवहन प्राधिकरण को दिया जाएगा जिसमें आवेदक रहता हो और उसके साथ आवेदक के छायाचित्र की दो सुस्प" ट प्रतियां और नियम 125 के अधीन विनिर्दि" ट फीस होगी। सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से अभिकर्ता अनुज्ञप्ति को जारी करने या उसका नवीनीकरण करने से इनकार कर सकता है या ऐसी ' ार्तों पर अनुज्ञप्ति दे सकता है, जिन्हें वह आरोपित करना उचित समझे। सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अभिकर्ता द्वारा पहिनी जाने वाली वर्दी को विनिर्दि" ट कर सकता है।

कोई भी व्यक्ति एक सम्भाग में प्रभावी एक से अधिक अभिकर्ता अनुज्ञप्ति नहीं रखेगा। अभिकर्ता जब कार्य पर होगा अपने वक्ष पर बांयी ओर सहज दृश्य स्थान पर, अंग्रेजी या हिन्दी में ' वेत सतह पर काले बड़े अक्षरों में लिए हुए अपने नेम प्लेट के साथ बैच धारण करेगा। नियम 124 (8) के अन्तर्गत सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अनुज्ञप्ति प्रदान के सम्बन्ध में कुछ ' ार्तें लगा सकता है। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, ऋ" ाकेश ने अपने पत्र सं0 149/स0प्र0/ट्रेवल एजेंट/10 दिनांक 09–02–11 द्वारा अनुज्ञप्ति में निम्न ' ार्तें आरोपित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है:–

1. कार्यालय में चालक/परिचालक/यत्रियों के बैठने के लिए टॉयलेट की सुविधा होनी चाहिए।
2. कार्यालय किराये के भवन पर या स्वयं के भवन पर संचालित है का प्रमाण पत्र।
3. आयुसीमा का प्रमाण पत्र।

4. पुलिस विभाग/अग्निशमन केन्द्र का अनापत्ति प्रमाण पत्र।

5. कम से कम 05 वाहनें (बस, मैक्सी, टैक्सी) जो ट्रेवल एजेंट के नाम पंजीकृत हो/के अधीन संचालित हो।

6. कार्यरत् कर्मचारियों का विवरण ' ौक्षिक योग्यता सहित।

7. किराये की सूची (प्रत्येक प्रकार की यात्री वाहनों) अपने कार्यालय के बाहर चस्पा हो।

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), ऋ" ाकेश ने सूचित किया है कि वर्तमान में कोई भी ट्रेवल एजेंट पंजीकृत नहीं है। अतः इस व्यवसाय से संबंधित व्यक्तियों को प्रेरित करने हेतु पंजीकरण के आवेदन की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए उचित रहगा कि संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा यह अधिकार सम्भागीय परिवहन अधिकारी को दे दिया जाए। जिससे कि अभिकर्ता को अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण की बैठक की प्रतीक्षा न करनी पड़े।

अतः प्राधिकरण उपरोक्त मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कपा करें।

मद सं0:—27— **अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से कोई अन्य मद।**

सचिव
सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण
देहरादून।

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 09–03–11 की अनुपूरक काय सूची

मद सं0–1(अनु0)– कौलागढ़–विधानसभा नगर बस मार्ग को टपकेश्वर महादेव मंदिर से जोड़ने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।

श्री महन्त मायागिरी जी, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी जंगलम् शिवालय मंदिर एवं मंदिर समिति टपकेश्वर महादेव द्वारा दिनांक 07–02–11 कौलागढ़–विधानसभा सिटी बस एसोसिएशन के माध्यम से कौलागढ़–विधानसभा सिटी बसों को टपकेश्वर महादेव मंदिर तक संचालित करने हेतु प्रत्यावेदन दिया था। इस संदर्भ में इस कार्यालय के पत्र सं0 2034/आरटीए/दस–273/2010 दिनांक 18–02–11 द्वारा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), देहरादून को मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया था। स0स0प0अ0(प्रव0), देहरादून ने अपने पत्र संख्या 2591/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/2011 दिनांक 08–03–11 द्वारा मार्ग का सर्वेक्षण करने के पश्चात् आख्या प्रस्तुत की है जो निम्न प्रकार है।

1. **कौलागढ़ से टपकेश्वर की दूरी लगभग 02 किमी है।**
2. **मार्ग पूरा पक्का है। मार्ग की चौड़ाई लगभग 18 से 20 फिट है केवल एक स्थान पर मार्ग की चौड़ाई 14 फिट है।**
3. **मंदिर समिति की ओर से मंदिर के पुजारी तथा स्थानीय लोंगो द्वारा अवगत कराया गया कि त्यौहारों आदि अवसरों पर मंदिर में विभिन्न स्थानों से टूरिस्ट बसें आदि आती रहती हैं। मार्ग 133 इंच व्हील बेस तक बसों के संचालन हेतु उपयुक्त है।**
4. **उक्त मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। अतः इसको दृ"टगत रखते हुए मार्ग पर एक–एक घंटे के अन्तराल में बस सवांए चलाया जाना उपयुक्त होगा।**

अतः प्राधिकरण मामले पर विचारोपरान्त आदेश पारित करने की कृपा करें।

—:सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 09—03—2011 के कार्यवृत्त की वि"ाय सूचीः—

मद सं0	परिशि"ट सं0	विषय	पृ"ठ संख्या
1		सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 08.10.10 तथा 20.10.2010 में पारित आदेशों का अनुपालन	1.9
2		सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा परिचालन पद्धति से पारित आदेशों का अनुमोदन	9
3		सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण तथा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा प्राधिकरण के प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत जारी अस्थाई/स्थाई परमिटों का अनुमोदन	9.10
4	"क"	डोईवाला केन्द्र से ग्रामीण क्षेत्रों के लिये विक्रम टैम्पो परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार व आदेश	10.12
5	"ख"	मियांवाला चौक—गुजरोवाली चौक—तुनवाला—नाजीवाला—किददूवाला—नत्थनपुर—नेहरुग्राम—राजीव नगर —बलबीर रोड—ई0सी रोड होते हुऐ सर्वेचौक—परेड ग्राउन्ड मार्ग पर 7/8 सीटर हल्की वाहनों को संचालन ठेका गाड़ी के रूप में करने हेतु परमिटों के लिए प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	13.14
	"ग"	सैन्य कालोनी—नीलकंठ बिहार—कालीदास चौक (पथरिया पीर)—कालीदास रोड—दिलाराम चौक—युकलिप्टिस रोड—सर्वेचौक—परेडग्राउण्ड—लैंसडाऊन चौक—रेंजर कॉलेज—पंचायती मंदिर चौक—प्रिंस चौक—सहारनपुर चौक—मातावाला बाग—गुरू रामराय डिग्री कॉलेज—कारगी—विद्याविहार—बाईपास रोड—आईएसबीटी एवं दून विश्वविद्यालय मार्ग पर 7/8 सीटर हल्की वाहनों को संचालन ठेका गाड़ी के रू" में करने हेतु परमिटों के लिए प्राप्त	

		प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	
	"घ"	आईएसबीटी से शिमला बाईपास होते हुऐ सेवलाकला–शान्ति बिहार–गौतमकुण्ड–चन्द्रबनी–सुभा" । नगर चौक–ट्रांसपोर्ट नगर–आईएसबीटी मार्ग पर 7/8 सीटर हल्की वाहनों को संचालन ठेका गाड़ी के रूप में करने हेतु परमिटों के लिए प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	
	"च"	आईएसबीटी से मेहुवाला–हरभजवाला–तुन्तोवाला–चौयला–वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट–चन्द्रबनी–वाइल्ड लाइफ कालोनी–सुभा" । नगर चौक–ट्रांसपोर्ट नगर–आईएसबीटी मार्ग पर 7/8 सीटर हल्की वाहनों को संचालन ठेका गाड़ी के रूप में करने हेतु परमिटों के लिए प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	
6		रिविजन सं0 5/2009–श्री गुरबक्श सिंह बनाम संभागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून तथा अन्य में पारित मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड के आदेश दिनांक 27–06–09 के अनुपालन में देहरादून–कालसी मार्ग पर स्थाई सवारी गाड़ी परमिट जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	14.16
7 (अ)		मण्डलीय प्रबंधक संचालन उत्तराखण्ड परिवहन निगम, उत्तराखण्ड देहरादून द्वारा देहरादून–विकास नगर–कालसी मार्ग पर स्थाई सवारी गाड़ी परमिटों हेतु दिए गए प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	16.17
(ब)	"छ"	देहरादून–विकासनगर–कालसी मार्ग पर निजी वाहन स्वामियों द्वारा स्थाई सवारी गाड़ी परमिटों हेतु दिए गए प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	17
08		श्री प्रीतम दास गर्ग के नाम पर मार्ग सूची सं0–05 के लिए जारी स्थाई सवारी गाड़ी परमिट सं0–3596 में से पर्वतीय मार्ग को काटने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	17.18
09		श्रीमती स्वेता सिंघल पत्नी श्री अतुल कुमार सिंघल, सी–30, नेहरूकालोनी, देहरादून एम0डी0डी0ए कालोनी–डाट मंदिर मार्ग पर नगर बस सेवा परमिट हेतु प्रस्तुत प्रार्थनापत्र दिनांक 01–12–10 पर विचार व आदेश।	18.19
10		श्रीमती बबीता देवी, श्रीमती चम्पा देवी तथा श्रीमती कृ" णा देवी को देहरादून–डोईवाला तथा संबंधित मार्ग पर स्वीकृत स्थाई सवारी गाड़ी परमिट नई वाहन के स्थान पर, 05 व" । कम	19.20

		पुरानी वाहनों पर जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	
11		देहरादून सम्भाग के विभिन्न केन्द्रों से जारी विक्रम टैम्पों परमिटों पर संचालित वाहनों के लिए (देहरादून केन्द्र को छोड़कर) मॉडल सीमा निर्धारित करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	20.21
12		देहरादून नगर में संचालित नगर बस सेवा की बसों को विशे" ा परिस्थितियों में ठेका परमिट जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	22
13		परिवहन निगम को जेएनएनयूआरएम योजना के अन्तर्गत प्राप्त बसों के लिए विभिन्न बैठका में स्वीकृत नगर बस सेवा परमिट, मानको में छूट प्रदान करते हुए, जारी करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	23.24
14		मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा अपील सं0 14/07, 15/07, 16/07, 17/07, 18/07 तथा 19/07 में पारित आदेशों का अवलोकन तथा मा0 न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में अपीलकर्ताओं के प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेश।	24.26
15		देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग के परमिटों को नगर बस परमिटों में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	26.27
16		प्रेमनगर–गुलरघाटो नगर बस सेवा मार्ग का विस्तार ' ामशेरगढ़ तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	27.28
17		डिफेंस कालोनी के निवासियों को सैनिक अस्पताल तक सीधी नगर बस सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	28
18		देहरादून (परेडग्राउण्ड) से सप्लाई डिपो होते हुए गल्जवाड़ी–बंकर तक बस सेवा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	29
19		प्रेमनगर–रायपुर मार्ग का विस्तार प्रेमनगर से सुद्धोवाला तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	29.30
20		परेडग्राउण्ड–प्रेमनगर–परबल मार्ग का विस्तार परबल से शिमलाबाईपास बड़ोवाला–गोरखपर–ईस्टेट होते हुए प्रेमनगर तक करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	30.31
21		मियांवाला चौक–गुजरोवाली	31.33

		चौक–तुनवाला–नाजीवाला–किद्दूवाला–नत्थनपुर–नेहरुग्राम–राजीवनगर–बलबीर रोड–ई0सी रोड होते हुऐ सर्वेचौक–परेडग्राउन्ड मार्ग को छोटी जीप प्रकार की वाहनों को स्टैज कैरेज के रुप में संचालन हेतु वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में।	
22		सैन्य कालोनी–नीलकंठ बिहार–कालीदास चौक (पथरिया पीर)–आईएसबीटी–दून विश्वविधालय वाया दिलाराम–प्रिन्स चौक–सहारनपुर चौक–बाईपास रोड मार्ग को छोटी जीप प्रकार की वाहनों को स्टैज कैरेज के रुप में संचालन हेतु वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में।	33
23		आईएसबीटी से शिमला बाईपास होते हुऐ सेवलाकला–शान्ति बिहार–गौतमकुण्ड–चन्द्रबनी–आईएसबीटी तथा आईएसबीटी से मेहुवाला–हरभजवाला–तुन्तोवाला–चौयला–चन्द्रबनी होते हुऐ आईएसबीटी तक जीप प्रकार की छोटी वाहनों को स्टैज कैरेज वाहनों के रुप में संचालित करने हेतु मार्ग वर्गीकृत करने के सम्बन्ध में विचार व आदेश	34
24		ऋ"ाकेश केन्द्र से पेट्रोल चालित ऑटोरिक्शा वाहनों के परमिट पर डीजल चालित वाहन प्रतिस्थापित करने की आज्ञा देने के सम्बन्ध में श्री मदन मोहन ' ार्मा अध्यक्ष, उत्तराखण्ड ऑटोरिक्शा ओनर्स एसोसिएशन ऋ"ाकेश के पत्र दिनांक 25.11.10 पर विचार व आदेश।	34.35
25		दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के परमिटों के निरस्तीकरण के सम्बन्ध में मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 86 के अन्तर्गत विचार व आदेश।	35.37
26		सार्वजनिक सेवा यानों में यात्रा करने के लिए टिकटों की बिक्री के लिए अभिकर्ताओं (ट्रेवल एजेंट) को पंजीकृत करने/अनुज्ञाप्ति दिये जाने के सम्बन्ध में विचार व आदेश।	37.39
27		अन्य मद।	39